# आजादी का अमृत महोत्सव : टीम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जयपुर ने गाया राष्ट्रगान



**लोकजीवन न्यूज नेटवर्क,जयपुर**

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री के आह्वान परदेश-प्रेम की नयी अलख जगाने हेतु टीम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जयपुर ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से दिनाँक 10 अगस्त 2021 को आंचलिक कार्यालय, जयपुर में राष्ट्रगान गाया।

समारोह में टीम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जयपुर के सदस्य देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत एवं उत्साहित रहे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देश की चार बड़ी राष्ट्रीयकृत बैंकों में एक है जिसकी शाखाएँ पूरे भारत में फैली हुई हैं। राजस्थान प्रदेश में भी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 300 शाखाएँ हैं। आजादी का अमृत महोत्सव के इस कार्यक्रम में टीम यूनियन बैंक ऑफ इंडियाके आंचलिक कार्यालय, जयपुर द्वारा भारत सरकार के आत्मनिर्भर - भारत अभियान के अंतर्गत रोजगार सृजन एवं वित्तीय समावेशन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि, राष्ट्रीय रोजगार आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के कार्यान्वयन पर बल दिया गया तथा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु रणनीति बनाते हुए शाखाओं को निर्देशित किया गया।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा गृह-ऋण एवं वाहन-ऋण में प्रक्रिया शुल्क में शत–प्रतिशत रियायत देते हुए शून्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा राजस्थान के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एवं कार डीलरों के साथ टाईअप किया गया है ताकि घर खरीददरों एवं कार खरीददरों को यूनियन बैंक से ऋण सुविधा लेने में असुविधा न हो। इस अवसर पर अंचल प्रमुख योगेंद्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक ने आह्वान किया कि राष्ट्र -निर्माण में हम यूनियनाइट्स बैंकर्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है और हमें अपनी जिम्मेदारी पूरी कुशलतापूर्वक निभाते हुए भारत सरकार की बैंकिंग से संबन्धित सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करना है। इस समारोह में उपस्थित टीम यूनियन बैंक के सदस्यों ने राष्ट्र-निर्माण में भरपूर योगदान देने का संकल्प भी लिया। अंचल प्रमुख योगेंद्र सिंह ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कभी भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे- बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड, डेबिट/क्रेडिट कार्ड का विवरण इत्यादि मांगने के लिये कोई फोन नहीं करता, न ही ई-मेल या एमएमएस भेजता है. कृपया ऐसे फोन का किसी भी प्रकार से उत्तर न दें। इस ई-मेल और अनुलग्नक का संदेश पूरी तरह से पाने वाले/वालों के लिये है और गोपनीय हो सकता है। यदि आपको ग़लती से यह संदेश मिला है तो कृपया तत्काल प्रेषक को वापसी ई-मेल से सूचित करें और इस ई-मेल को डिलीट कर दें। हालांकि इस ई-मेल और अनुलग्नक को मालवेयर मुक्त रखने के लिये उचित सावधानी बरती गई है, लेकिन इस ई-मेल के उपयोग के कारण यदि कोई भी नुकसान या क्षति होती है तो इसके लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है।


**Bhilwara Spinners Limited**

CIN: L117115 RJ 1980 PCL008217

Regd. Off.: 26, Industrial Area, Bhilwara - 311 001 (Rajasthan)

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2021** (Rs. in Lac)

| Particulars | Quarter Ended 30.06.2021 Unaudited | Year Ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|
| Total income from Operation (net) | 60.35 | 197.10 |
| Other Income | 21.04 | 169.61 |
| Exceptional Items | 35.48 | 9.44 |
| Net Profit (+) / Loss (-) from Ordinary Activities | 17.05 | 121.96 |
| Net Profit (+) / Loss (-) after Exceptional income & tax | 43.76 | 108.27 |
| Paid-up equity share capital (Face Value of the Share Rs.10/- per share) | 676 | 676 |
| Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year | - | 1616.30 |
| Earning per shair from Orderinary Activties | 0.25 | 1.80 |
| Earning per shair After Exceptional income & Tax | 0.65 | 1.60 |

Note:
The above is an extract of the detailed formet of financial result for the quarter/ year ended 30th June 2021 filed with the stock Exchange under regulation 33 of SEBI (Listing and other Discloser Requirments) Regulations 2015.The full formet of the financial results are avalable on the stock Exchanges websites www.bseindia.com.

By order of the Board
for Bhilwara Spinners Limited

Ashok Kumar Kothari
Director
DIN-00132801

Date : 10th August, 2021
Place : Bhilwara (Rajasthan)



**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-249095,

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2021**
(Rs. In Lacs, except as stated)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended Unaudited 30.06.2021 | Quarter Ended Not subject to review/audit 30.06.2020 | Year Ended Not subject to review/audit 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 764.22 | 362.28 | 3015.90 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (42.28) | 7.57 | 28.21 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | (42.28) | 7.57 | 28.21 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | (41.93) | 6.73 | 30.27 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) | (40.47) | 10.60 | 36.11 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | 656.19 | 676.26 | 697.58 |
| 8. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted | (1.40) | 0.22 | 1.01 |

Notes:- 1 The above results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 10th August,2021.
2 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly ended Financial Results is available on the Stock Exchange website www.msei.in and on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By the order of the Board
sd/-
Mahesh Kumar Bhimsaria
Managing Director
D No. 00131930

Date: 10.08.2021
Place: Bhilwara


### मंत्री आंजना के प्रयास लाये रंग

# पालिका क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करने के लिए चार करोड़ स्वीकृत

**नरेश मेनारिया**
**लोकजीवन न्यूज सर्विस, निम्बाहेड़ा**

सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के प्रयासों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण हेतु 4 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि से शहरी क्षेत्र में मुख्य मार्गों एवं क्षतिग्रस्त सड़को को विस्तारित एवं सुदृढ़ किया जा सकेगा।



पालिका अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा ने बताया कि बजट 2021 की घोषणानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर शहरी क्षेत्र में मुख्य मार्गों सहित अन्य मुख्य सड़कों को विस्तारित एवं सुदृढ़ करने हेतु 4 करोड़ रु की राशि स्वीकृत की है। जिसमे राजकीय महाविद्यालय से जेके चौराहे तक 1750 मीटर सड़क को चार लेन का करने हेतु 315 लाख रु, जावद दरवाजा से रेलवे पुलिया की 500 मीटर सड़क हेतु 32.50 लाख रु, अस्पताल के कोने से मोड़ी वाले बावजी तक की 650 मीटर सड़क हेतु 20.50 लाख रु, कालिका गैस से सत्यनारायण मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग की 200 मीटर सड़क हेतु 20.50 लाख रु एवं कुसुम गार्डन से शारदा पम्प तक कि 250 मीटर सड़क हेतु 11.50 लाख रु राशि की स्वीकृत प्रदान की गई है। नगरपालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद शिब्बी, पार्षद रविप्रकाश सोनी, बंशीलाल राइवाल, एकता सोनी, सुश्री पुष्पा वच्छानी, मनोज पारख, सलीम खान, अतीक खान, भानुप्रताप सिंह, जावेद खान, राधाकिशन गवारिया, तबस्सुम शाह, खेमराज मेघवाल, राजू भील, खेमराज कुमावत, अनिता धर्मपाल जाट, आजाद देवी नागोरी, प्रदीप पोरवाल, मोहम्मद कुरेशी, शमशुकमर मंसूरी, नितेश लौट, नीलोफर तनवीर मेव, ओमप्रकाश शर्मा, फिरदोज बी, राजेश जैन, रुचि योगेश बाहेती, मनोनीत पार्षदों शबाना खान, मुकेश मेघवाल, माणक साहू, ओम बाहेती, अक्षय मारु सहित सहित शहरवासियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री गहलोत एवं मंत्री आंजना का आभार व्यक्त किया है।

## श्रावणी तीज पर आयोजित हुई कई प्रतियोगिता

**भीलवाड़ा।** सखी सहेलियां ग्रुप द्वारा श्रावणी तीज पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि श्रावणी तीज पर शंकर पार्वती की पूजा कर सुहाग की लंबी उम्र की कामना की जाती है। इस दौरान सहेलियों ने रंग बिरंगे लहरिए पहनकर तीज के गाने वे प्रतियोगिता में भाग लिया कई तरह के गेम रखे गए थे। सभी ने अपने अपने तरीके से तीज के महत्व बताएं । कार्यक्रम संचालन दिव्या समदानी ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पुरस्कार दिए गये। इस दौरान हंसा समदानी, मंजू डूंगरपुरीया, गीता मुंदडा, सुधा समदानी ,शर्मिला रामावत, संध्या अगीवाल ,सरिता काबरा ,गीता लड्डा, बिंदिया दिवाकर ,प्रतिष्ठा ट्रेलर ,पारो सर्राफ, विमला झवर ,आभा जाजू, सुधा बलदेवा ,रूमा खटोड़, आदि सदस्यों ने भाग लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मांगों को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा।** माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज इकाई द्वारा इकाई अध्यक्ष धवल कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रमुख मांगो को लेकर प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। महानगर मीडिया प्रभारी युवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि महाविद्यालय की मेरिट ज्यादा होने के कारण सैंकड़ों विद्यार्थियों का एडमिशन नहीं हो पाया है व उनकी फीस अटकी हुई है। एवं पिछले कई सत्रो से गरीब , किसान परिवार के विद्यार्थियों की फीस जमा है उसे जल्द से जल्द वापस लौटाई जाये। सेनेटाइज़ स्टैण्ड बनाकर कोविड प्रोटोकॉल की व्यवस्था, नियमित साफ सफाई करने, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, कॉलेज गेट से कॉलेज परिसर तक जल्द से जल्द पूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग की गई। इस दौरान महानगर मंत्री रोहित सिंह राणावत, विकास कुम्हार, हर्षित शर्मा, दीपक सुखवाल, पवन विश्नोई आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राधा-कृष्ण मंदिर में झूला महोत्सव शुरू

**निंबाहेड़ा।** आलाखेड़ी गांव के राधा-कृष्ण मंदिर में झूला महोत्सव बुधवार से शुरू हुआ। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अम्बालाल मेनारिया ने बताया कि महोत्सव श्रावण शुक्ला तृतीया से आरम्भ होकर भादवा बुदी तीज तक पूरे एक पखवाड़े तक आयोजित किया जाएगा । आयोजन के तहत प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की झांकिया सजाकर ठाकुरजी को चन्दन के झूले में झुलाया जाएगा। मंदिर प्रांगण में महिला- पुरूष अपने अपने समूह में हरी बोल धुन गोविंद बोलों हरि गोपाल बोलो राधा रमण हरि गोपाल बोलो पर थिरकते व नृत्य शुरू होगा। रात बारह बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### राउमावि प्रांगण में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**बिजौलिया।** कस्बे में आगामी 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह इस वर्ष भी कोरोना काल के मद्देनजर एक सादे समारोह के तहत राउमावि प्रांगण में मनाया जाएगा। स्कूली छात्र छात्राएं समारोह में भाग नहीं लेंगे। निष्ठावान विभागीय कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वहीं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को उपखंड कार्यालय में प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं इस वर्ष मिठाई वितरण, पिटी परेड ,मार्चपास्ट आदि नहीं होंगे। राष्ट्रीय पर्व की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में उपखंड अधिकारी सीमा तिवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । बैठक में तहसीलदार शैतान सिंह यादव, बीडीओ मेजर अली, प्रधान आशा देवी भील, उपप्रधान कैलाश धाकड़, थाना प्रभारी सूर्यभान सिंह, सीएचसी प्रभारी डॉ. अंसार खान ,जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।





Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा ट्रांसपोर्ट नगर, शाखा भीलवाड़ा, राजस्थान

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

(परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के सपठित नियम 8(1) के अनुसार)

यत: (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमाण्ड नोटिस दिनांक 18.05.2021 को जारी किया, जिसमें ऋणी श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री नारायण लाल शर्मा एवं श्रीमती प्रेम शर्मा पत्नी श्री सुरेश कुमार शर्मा को नोटिस में उल्लेखित राशि रू. 25,09,250.00 (रूपये पच्चीस लाख नौ हजार दो सौ पचास मात्र) इस नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहने पर, ऋणी एवं आमजन को यह नोटिस दिया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के सपठित नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा ऋणी और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति का कब्जा तारीख 09 माह अगस्त वर्ष 2021 से प्राप्त कर लिया है।

ऋणीयों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत कोई संव्यवहार नहीं करे और इस सम्पत्ति के बाबत किया गया कोई भी संव्यवहार बैंक ऑफ बड़ौदा के रू. 25,09,250.00 (रूपये पच्चीस लाख नौ हजार दो सौ पचास मात्र) एवं ब्याज के अध्यधीन होगा।

ऋणीयों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर, आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी सम्पत्ति के सभी अंश एवं हिस्से जिसमें मकान नं. बी-67 (आराजी नं. 2827 का हिस्सा) राजस्व ग्राम पंसाल, भीलवाड़ा-311001 (राजस्थान) में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 20x50 फिट व सीमाएं:- पूर्व: प्लॉट नं. बी-66, पश्चिम: प्लॉट नं. बी-68, उत्तर: प्लॉट नं. बी-79, दक्षिण: रोड़।

दिनांक: 09.08.2021 स्थान: भीलवाड़ा
प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा